# 14 नवंबर, 2023, Santa Ana शहर के विशेष रीकॉल चुनाव – सार्वजनिक सेवा घोषणा

**Orange काउंटी के मतदाताओं के रजिस्ट्रार, हर एक मतदाता के आसानी से और सुरक्षित रूप से मतपत्र डालने के अधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।**

SANTA ANA, CA – 23 अक्टूबर, 2023 – 14 नवंबर, 2023 के Santa Ana शहर के विशेष रीकॉल चुनाव में मतदान शुरू हो चुके हैं।

16 अक्टूबर के सप्ताह में Santa Ana, वार्ड 3 के सभी सक्रिय मतदाताओं को मतपत्र भेजे गए थे।

इन चुनावों के दौरान मतदाताओं के पास मतदान करने के लिए चार विकल्प होंगे:

1. चुनाव के दिन या उससे पहले मतपत्र को मेल करें (पोस्टेज की ज़रूरत नहीं है)। मेल बॉक्स वाली जगहों के लिए ocvote.gov/mail पर जाएँ
2. Santa Ana, वार्ड 3 में स्थित दो सुरक्षित ड्रॉप बॉक्सों में से एक का उपयोग करें। जगहों के बारे में जानने के लिए ocvote.gov/dropbox पर जाएँ
3. Santa Ana, वार्ड 3 में मतदान केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाकर मतपत्र डालें। जगह और समय की जानकारी के लिए ocvote.gov/votecenter पर जाएँ
4. Santa Ana, वार्ड 3 में मतदान केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से मतदान करें।

Santa Ana में मतदाताओं के रजिस्ट्रार के कार्यालय में भी एक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स है और वह भी Santa Ana के वार्ड 3 के मतदाताओं के लिए एक मतदान केंद्र के रूप में काम करता है।

Santa Ana, वार्ड 3 का मतदान केंद्र और मतदाताओं के रजिस्ट्रार के कार्यालय का मतदान केंद्र, दोनों 4 नवंबर को खुलेंगे। दोनों मतदान केंद्र 4 नवंबर से 14 नवंबर को रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

मतदान की जगहों की पूरी सूची और समय के बारे में जानने लिए ocvote.gov/votecenter पर जाएँ

अधिक जानकारी के लिए मतदाता, हमारी मतदाता हेल्पलाइन 888-OCVOTES या 888-628-6837 पर कॉल कर सकते हैं।

14 नवंबर, 2023 को होने वाले Santa Ana शहर के विशेष रीकॉल चुनाव से जुड़ी अधिक जानकारी Orange काउंटी के मतदाताओं के रजिस्ट्रार की वेबसाइट (https://ocvote.gov/elections) पर मिल सकती है।

# # #

**मतदाताओं के रजिस्ट्रार के बारे में:**
मतदाताओं के रजिस्ट्रार संयुक्त राज्य अमेरिका में 1.8 मिलियन पंजीकृत मतदाताओं वाले पांचवें सबसे बड़े मतदान क्षेत्राधिकार, Orange काउंटी में चुनावों का आयोजन कराने के लिए ज़िम्मेदार हैं। हम एक काउंटी एजेंसी हैं, जिसे काउंटी के जनरल फंड से फंडिंग और संघीय सरकार, California राज्य और स्थानीय अधिकारियों से समय-समय पर प्रतिपूर्ति प्राप्त होती है। और पढ़ें >>

**मीडिया संपर्क:**
Enedina Chhim
मतदाताओं के रजिस्ट्रार
714-567-5197
Mediasupport@ocvote.gov

**स्रोत:**
Orange काउंटी मतदाताओं के रजिस्ट्रार

संपादकों के लिए संदेश: अधिक जानकारी के लिए About Us पेज पर जाएँ या मतदाताओं के रजिस्ट्रार की मीडिया हेल्पलाइन को 714-567-5197 पर कॉल करें।